VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

MAINS 365

स्मरणीय तथ्य

नीतिशास्त्र

अहमदाबाद बेंगलूरु भोपाल चंडीगढ़ दिल्ली गुवाहाटी हैदराबाद जयपुर जोधपुर लखनऊ प्रयागराज पुणे राँची

अभ्यास मेन्स 2025

ऑल इंडिया मुख्य परीक्षा

(GS + निबंध + वैकल्पिक विषय)

मॉक टेस्ट (ऑफ़लाइन)

Scan to Know More and Register

पेपर	GS - I & II	GS - III & IV	निबंध	वैकल्पिक विषय I & II
तिथि	26 जुलाई	27 जुलाई	2 अगस्त	3 अगस्त

पंजीकरण करें: www.visionias.in/abhyaas

वैकल्पिक विषय नृविज्ञान । भूगोल । हिंदी । इतिहास । गणित । दर्शनशास्त्र । भौतिकी । राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध । लोक प्रशासन । समाजशास्त्र

AHMEDABAD | BENGALURU | BHOPAL | BHUBANESWAR | CHANDIGARH | CHENNAI | CHHATARPUR (MP) | DEHRADUN | DELHI - KAROL BAGH | DELHI - MUKHERJEE NAGAR | GHAZIABAD
GORAKHPUR | GURUGRAM | GUWAHATI | HYDERABAD | INDORE | JABALPUR | JAIPUR | JAMMU | JODHPUR | KANPUR | KOLKATA | KOTA | LUCKNOW | MUMBAI | NAGPUR | NOIDA
ORAI | PATNA | PRAYAGRAJ | PUNE | RAIPUR | RANCHI | ROHTAK | SHIMLA | THIRUVANANTHAPURAM | VARANASI | VIJAYAWADA | VISAKHAPATNAM

ENGLISH MEDIUM
1 July | 5 PM

हिन्दी माध्यम
5 July | 5 PM

- द हिंदू, इंडियन एक्सप्रेस, PIB, लाइवमिंट, टाइम्स ऑफ इंडिया, इकोनॉमिक टाइम्स, योजना, आर्थिक सर्वेक्षण, बजट, इंडिया ईयर बुक, RSTV आदि का समग्र कवरेज।
- मुख्य परीक्षा हेतु विशिष्ट लक्ष्योन्मुखी सामग्री।
- मुख्य परीक्षा के दृष्टिकोण से एक वर्ष की समसामयिक घटनाओं की खंड–वार बुकलेटस (ऑनलाइन स्टूडेंटस के लिये मेटेरियल केवल सॉप्ट कॉपी में ही उपलब्ध)
- लाइव और ऑनलाइन रिकॉर्डेड कक्षाएं जो दूरस्थ अभ्यार्थियों के लिए सहायक होंगी जो क्लास टाइमिंग मे लचीलापन चाहते हैं।

मुख्य परीक्षा

2025 के लिए 1 वर्ष का

समसामयिक घटनाक्रम

केवल 60 घंटे में

विषय सूची

1. मूल्य (Values) 4
1.1. जवाबदेही (Accountability) 4
1.2. नेतृत्व (Leadership) 4
1.3. निःस्वार्थता (Selflessness) 4
1.4. समानुभूति (Empathy) 4
1.5. न्याय (Justice) 5
1.6. शुचिता (Probity) 5
1.7. ईमानदारी (Honesty) 5
1.8. लोक सेवा के प्रति समर्पण (Dedication to Public Service) 5
1.9. सत्यनिष्ठा (Integrity) 6
1.10. वस्तुनिष्ठता (Objectivity) 6
1.11. निष्पक्षता (Impartiality) 6
1.12. सहिष्णुता (Tolerance) 6
1.13. अंतःकरण (Conscience) 7
2. अवधारणाएं (CONCEPTS) 7
2.1. अभिवृत्ति (Attitude) 7
2.2. सामाजिक प्रभाव (Social Influence) 7
2.3. अनुनय (Persuasion) 7
2.4. भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence: EI) 7
3. भारतीय विचारक (INDIAN THINKERS) 9

प्रिय अभ्यर्थियों,

UPSC मुख्य परीक्षा के प्रतिस्पर्धी माहौल में आपके उत्तरों में आंकड़े, तथ्यों और उदाहरणों को शामिल करने के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है।

ये घटक एक आकर्षक और प्रेरक अनुक्रिया के आधार के रूप में काम करते हैं, जो आपके उत्तर को एक सामान्य लेखन से एक बेहतर तरीके से प्रमाणित तर्क की ओर ले जाते हैं।

आपकी सहायता के लिए, हमने VisionIAS के Mains 365 पठन सामग्री से सार रूप में आंकड़े, तथ्यों और उदाहरणों का संकलन तैयार किया है। जैसा कि आप सभी को पता है Mains 365 पठन सामग्री करेंट अफेयर्स के व्यापक कवरेज के लिए प्रसिद्ध है।

एथिक्स पेपर की तैयारी के लिए यह डाक्यूमेंट विश्वसनीय डेटा, तथ्य, पहलों और व्यावहारिक उदाहरणों का एक केंद्रित संकलन प्रस्तुत करता है। UPSC मुख्य परीक्षा की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, उत्तरों को गहराई और प्रभावशीलता देने के लिए ऐसे सटीक संदर्भों से लैस होना आवश्यक है।

यह डाक्यूमेंट केवल GS पेपर IV तक सीमित नहीं है, बल्कि निबंध लेखन में भी प्रासंगिकता रखता है। इसमें दी गई पहलें और उपयोगी उदाहरण उत्तरों में स्वाभाविक रूप से समाहित किए जा सकते हैं, जिससे आपकी प्रस्तुति और विश्लेषणात्मक क्षमता दोनों में निखार आएगा।

इस डाक्यूमेंट का लेआउट आपके उत्तर में क्विक रेफ्रेन्स और तथ्यों आदि के आसान समेकन के लिए डिज़ाइन किया गया है।

Mains 365 डाक्यूमेंट्स को डाउनलोड करने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन कीजिए

स्मार्ट क्वालिटी कंटेंट को प्राप्त करने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन कीजिए

मूल्य (Values)

जवाबदेही (Accountability)

- **अर्थ:** लोक अधिकारियों को उनके व्यवहार के लिए जवाबदेह बनाना तथा उस संस्था के प्रति उत्तरदायी बनाना, जिससे वे अपना प्राधिकार प्राप्त करते हैं।
- **प्रकार:**
  - **लंबवत जवाबदेही (Vertical accountability):** प्रिंसिपल-एजेंट संबंध (उदाहरण के लिए- चुनाव)।
  - **क्षैतिज जवाबदेही (Horizontal accountability):** संस्थानों के एक नेटवर्क की सहायता से एक-दूसरे पर नियंत्रण स्थापित करना।
  - **सामाजिक जवाबदेही (Social accountability):** सार्वजनिक अधिकारियों के कार्यों की नागरिक समाज संगठनों, स्वतंत्र मीडिया आदि द्वारा समीक्षा करना।
- **प्रभावशीलता:** मनमाने अधिकार रखने से रोकना; हितों के टकराव से बचाना; न्याय, समानता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना; सार्वजनिक सेवाओं में वैधता लाना।

उदाहरण:

- **मोरारजी देसाई:** पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए वे नियमित रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे।
- **लाल बहादुर शास्त्री:** दो बड़ी रेल दुर्घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपना त्याग-पत्र दे दिया था।

1.2. नेतृत्व (Leadership)

- **अर्थ:** वह व्यक्ति, जो अपने सहयोगियों का किन्हीं विशेष साध्य या लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सफलतापूर्वक मार्गदर्शन करता है, यह भावना किसी अधिकार या शक्ति की बजाय सामाजिक प्रभाव से उत्पन्न होती है।
- **प्रभावशीलता:** सुशासन का एक महत्वपूर्ण घटक है; निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करता है तथा पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बनाए रखता है।

उदाहरण:

- **डॉ. वर्गीज कुरियन:** भारत में **श्वेत क्रांति का जनक** माने जाते है। उन्होंने एक **सफल सहकारी संगठन "अमूल" की स्थापना** की थी।
- **ई. श्रीधरन**: **"भारत के मेट्रो मैन"** के नाम से भी जाना जाता है। वे प्रभावी परियोजना प्रबंधक और इंजीनियरिंग नेतृत्व का प्रतीक बन गए।

1.3. निःस्वार्थता (Selflessness)

- **अर्थ:** स्वयं और दूसरों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित करना।
- **शासन व्यवस्था (गवर्नेंस) में महत्व:** पूरी तरह से लोक हित में कार्य करना; स्वयं की निजी आवश्यकताओं की बजाय जनता की आवश्यकताओं पर अधिक प्राथमिकता से ध्यान देना।
- **निःस्वार्थ व्यक्तित्व के लक्षण:** समानुभूति, करुणा, दयालुता, सम्मान।

उदाहरण:

- **शाहीन मिस्त्री:** अमेरिका के टफ्ट्स विश्वविद्यालय में अपनी उच्च स्तरीय पढ़ाई छोड़कर भारत में गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाने का फैसला किया।
- **तुकाराम ओम्बले:** उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों के दौरान अनुकरणीय साहस और निःस्वार्थता का परिचय दिया।

1.4. समानुभूति (Empathy)

- **अर्थ:** दूसरों की मन: स्थितियों/ भावनाओं को समझने की क्षमता।
- **प्रकार:**
  - **भावनात्मक समानुभूति (Affective empathy):** दूसरों की मन: स्थितियों/ भावनाओं को समझ लेने के बाद, हम जिन संवेदनाओं और भावनाओं की अनुभूति करते हैं।
  - **संज्ञानात्मक समानुभूति (Cognitive empathy):** दूसरों की मनः स्थिति को पहचानना और उसे ठीक से समझना संज्ञानात्मक समानुभूति कहलाता है।
- **समानुभूति एवं सहानुभूति (Sympathy):** समानुभूति, अधिक गहरी और मजबूत होती है, जबकि सहानुभूति में मुख्य रूप से संज्ञानात्मक (विवेक या बौद्धिकता) पहलू शामिल होता है।
- **समानुभूति (Empathy) और करुणा (Compassion):** समानुभूति व्यक्ति को किसी दूसरे व्यक्ति की स्थिति में रखकर यह समझने में मदद करती है, वहीं **करुणा** एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रेरित करती है।

उदाहरण:

- **रतन टाटा:** 1984 में सिख समुदाय के खिलाफ हुए दंगों के बाद सब कुछ खो चुके सिख ट्रक ड्राइवरों को आजीविका के लिए नए ट्रक प्रदान किए थे।
- **आयुष्मान भारत योजना: समानुभूतिपूर्ण नीति-निर्माण के** रूप में 12 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को हेल्थ कवरेज प्रदान किया जाता है।

1.5. न्याय (Justice)

- **अर्थ: "निष्पक्षता" या "समान व्यवहार"**।
- **न्याय का सबसे मौलिक सिद्धांत:** समानों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए और असमानों के साथ असमान व्यवहार किया जाना चाहिए।

उदाहरण:

- **सागरमल गोपा:** जैसलमेर के शासक के अत्याचारों के खिलाफ लोगों को न्याय दिलाने पर अडिग रहे थे।
- **पी. नरहरि:** ग्वालियर जिले में दिव्यांग व्यक्तियों की मदद हेतु अभियान चलाकर ग्वालियर जिले के सार्वजनिक स्थानों तक सुगम्य पहुंच सुनिश्चित की।

1.6. शुचिता (Probity)

- **अर्थ:** मजबूत नैतिक सिद्धांतों, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, शालीनता का गुण विद्यमान होना।
- **प्रभावशीलता:** एक कुशल और प्रभावी शासन प्रणाली तथा सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करने; वस्तुनिष्ठता और नौकरशाही से जुड़ी बाधाओं को कम करने के लिए आवश्यक।
- **शुचिता और सत्यनिष्ठा (Integrity):** सत्यनिष्ठा एक व्यापक अवधारणा है, जिसमें समग्र नैतिक चरित्र शामिल है, जबकि शुचिता पेशेवर जीवन में ईमानदारी और भ्रष्टाचार-मुक्त होने पर अधिक केंद्रित होती है।

उदाहरण:

- **जैसिंडा अर्डर्न:** न्यूजीलैंड की प्रधान मंत्री के रूप में इस्तीफा देते हुए देश की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए देना उनकी शुचिता का प्रमुख उदाहरण है।
- **षणमुगम मंजूनाथ:** पेट्रोल में व्यापक मिलावट के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो कि सच्चे अर्थों में उनके साहस और शुचिता का प्रमुख उदाहरण है।

1.7. ईमानदारी (Honesty)

- **अर्थ:** सत्य बोलना और उसी के अनुसार कार्य करना।
- **प्रभावशीलता:** ईमानदारी विश्वास की नींव है और सामाजिक संबंधों में यह बहुत महत्वपूर्ण है।
- **नैतिकता के परंपरागत (क्लासिकल) फ्रेमवर्क में ईमानदारी:**
  - **अरस्तू का सद्गुण नीतिशास्त्र या सदाचार युक्त नैतिकता (Virtue ethics):** ईमानदारी एक ऐसा सद्गुण है, जो व्यक्ति में बहुत कम और बहुत अधिक ईमानदारी के बीच संतुलन बनाता है।
  - **परिणामवाद (Consequentialism):** ईमानदारी परिस्थितियों और परिणामों पर निर्भर करती है।
  - **कर्तव्यशास्त्र (Deontology):** इमैनुएल कांट ईमानदारी को एक **निरपेक्ष नैतिक दायित्व** मानते है।

उदाहरण:

- **अनिल स्वरूप:** कोयला ब्लॉक आवंटन के लिए पारदर्शी ई-नीलामी प्रणाली को लागू किया।
- **सचिन तेंदुलकर:** 2011 के ICC विश्व कप मैच के दौरान स्वेच्छा से मैदान से बाहर चले गए, जो उनकी ईमानदारी और खेल भावना का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

1.8. लोक सेवा के प्रति समर्पण (Dedication to Public Service)

- **अर्थ:** अपना समय, स्वयं को और अपनी पूरी ताकत झोंक देना; लोक हित को व्यक्तिगत हित से पहले प्राथमिकता देना ही समर्पण है।
- **समर्पण और प्रतिबद्धता:** प्रतिबद्धता में कोई व्यक्ति औपचारिक रूप से दायित्व से बंधा होता है, जबकि समर्पण कर्तव्यबोध से प्रेरित होता है।

उदाहरण:

- **डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम:** भारत के स्वदेशी मिसाइल कार्यक्रम और परमाणु कार्यक्रम में योगदान दिया।
- **डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन:** हरित क्रांति और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण सिफारिशें देना आदि में योगदान दिया।

1.9. सत्यनिष्ठा (Integrity)

- **अर्थ:** अपने मजबूत नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों का पालन करना, भले ही वह अलाभकारी या असुविधाजनक ही क्यों न हो।
- **सत्यनिष्ठा के लक्षण:**
  - ईमानदारी/ सच्चाई
  - निष्पक्षता
  - शालीनता/ सम्मान
  - नैतिक सिद्धांतों का पालन करना
  - साहस
  - उत्तरदायित्व/ विश्वसनीयता
- **ईमानदारी और सत्यनिष्ठा (Honesty and Integrity):** जहाँ **ईमानदारी** का अर्थ है तथ्यों को ज्यों का त्यों रखना, अर्थात सत्य को कायम रखना, वहीं **सत्यनिष्ठा** का अर्थ है परिणामों की परवाह किए बिना हर समय वही करना जो सही है।

उदाहरण:

- **शहीद हेमू कालाणी:** अंग्रेजों द्वारा थर्ड-डिग्री टॉर्चर सहन करने के बाद भी अपने साथियों और संगठन (स्वराज सेना) की पहचान व नाम को उजागर नहीं किया।
- **के.के. पाठक**: बिहार शिक्षा विभाग में सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए बेहतर मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने, स्कूलों में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति को कम करने, और शिक्षकों की जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयास किया था।

1.10. वस्तुनिष्ठता (Objectivity)

- **अर्थ:** किसी भी पूर्वाग्रह, व्यक्तिगत विश्वास, भावनाओं या बाहरी प्रभाव के बिना, तथ्यों के आधार पर प्रत्येक स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन करना।
- **सिविल सेवाओं में महत्त्व:** यह लोक सेवकों को कानून, तर्क, योग्यता और स्वीकृत मानकों, प्रथाओं एवं मानदंडों को बनाए रखने में सहायता करती है।
- **वस्तुनिष्ठता और निष्पक्षता: वस्तुनिष्ठता (Objectivity)** पर्यवेक्षणों और सूचना विश्लेषण में तथ्यों एवं साक्ष्यों पर केंद्रित होती है। वहीं **निष्पक्षता (Impartiality)** सुनिश्चित करती है कि निर्णय या फैसले किसी पूर्वाग्रह या पक्षपात के बिना लिए जाएं।

उदाहरण:

- **पोषण अभियान: पोषण ट्रैकर डैशबोर्ड की सहायता से साक्ष्य-आधारित निर्णय लेना**।
- **डिजिटल पोर्टल (प्रोबिटी, स्पैरो और सॉल्व):** केंद्र सरकार के अधिकारियों के प्रदर्शन का आकलन करना।

1.11. निष्पक्षता (Impartiality)

- **अर्थ:** किसी व्यक्ति या समूह को दूसरों की तुलना में वरीयता न देना तथा सिविल सेवा में राजनीतिक तटस्थता को बनाए रखना।
- **प्रभावशीलता:** जनता का विश्वास; सुशासन; न्याय।
- **निष्पक्षता (Impartiality) और गैर-पक्षपात (Non-Partisanship):** जहां निष्पक्षता किसी का पक्ष न लेना है, वहीं गैर-पक्षपात एक संकीर्ण अवधारणा है जो गैर-राजनीतिक व्यवहार या राजनीतिक तटस्थता को दर्शाती है।

उदाहरण:

- **टी. एन. शेषन:** मुख्य चुनाव आयुक्त **के रूप में चु**नाव संबंधी कई सुधारों को लागू किया और बिना किसी राजनीतिक दबाव के गैर-पक्षपातपूर्ण तरीके से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किए।
- **नंदन नीलेकणी**: आधार के तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया, यह उनके गैर-पक्षपाती दृष्टिकोण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

1.12. सहिष्णुता (Tolerance)

- **अर्थ:** उन लोगों के प्रति निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और उदार रवैया रखना जिनकी राय, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता आदि खुद से अलग हैं।
- **महत्त्व:** बहुलवादी समाज में सद्भाव और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना; समावेशी नीति निर्माण और उसके कार्यान्वयन में सहायक।

उदाहरण:

- **नेल्सन मंडेला:** रंगभेद आंदोलन के बाद सहिष्णुता और सुलह की बेहतरीन मिसाल पेश की।
- **भारत का सुप्रीम कोर्ट:** ट्रांसजेंडर लोगों को 'थर्ड-जेंडर' की मान्यता प्रदान करना और आपसी सहमति पर आधारित समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना, आदि निर्णय शामिल हैं।

1.13. अंतःकरण (Conscience)

- **अर्थ:** मन की एक विशेष क्रिया है, जो व्यक्ति को यह आंकने में सक्षम बनाती है कि उसके कार्य कितने नैतिक हैं।
- **अंतःकरण दो तथ्यों का वर्णन करता है - एक व्यक्ति क्या सही मानता है और एक व्यक्ति कैसे सही का निर्णय लेता है।**

उदाहरण:

- **फली नरीमन: 1975 के आपातकाल** के दौरान अपनी अंतःकरण की आवाज़ सुनी और संवैधानिक अधिकारों के निलंबन का समर्थन किया।

2. अवधारणाएं (CONCEPTS)

2.1. अभिवृत्ति (Attitude)

- **अर्थ:** किसी निश्चित विचार, वस्तु, व्यक्ति या स्थिति के प्रति सकारात्मक या नकारात्मक प्रतिक्रिया करने की प्रवृत्ति या पूर्वधारणा होती है।

कारक

- **क्लासिकल कंडीशनिंग:** बार-बार अनुभवहीन प्रोत्साहन के चलते एक तटस्थ प्रोत्साहन पैदा करना।
- **इंस्ट्रूमेंटल कंडीशनिंग:** पुरस्कार और दंड से सीखना।
- **कॉग्निटिव अप्रेजल्स:** अभिवृत्ति का विकास करने के लिए जानकारी और अनुभवों का मूल्यांकन करना।
- **ऑब्ज़र्वेशनल लर्निंग:** सहकर्मियों के व्यवहार और उनके परिणामों के जरिए अभिवृत्ति का विकास करना।
- **पर्सुएशंस:** संचार के जरिए अभिवृत्ति को बदलने के लिए जानबूझकर किए गए प्रयास।

कार्य:

- ज्ञान, उपयोगितावादी, अहं-रक्षा, मूल्य-अभिव्यक्ति।

2.2. सामाजिक प्रभाव (Social Influence)

- **अर्थ:** सामाजिक संपर्क के परिणामस्वरूप अपनी राय या व्यवहार को बदलते हैं।
- **मॉडल:** अनुपालन (Compliance), पहचान (Identification), आत्मसात्करण (Internalization)।
- **प्रकार:** अनुरूपता (Conformity), स्व-पूर्ति की भविष्यवाणी यानी व्यवहारिक पुष्टि (Self-fulfilling prophecy), आज्ञाकारिता (Obedience), अनुनय (Persuasion)।

2.3. अनुनय (Persuasion)

- **अर्थ:** एक व्यक्ति या संचारकर्ता द्वारा किसी व्यक्ति के विश्वास, दृष्टिकोण, व्यवहार या पसंद को बदलने के लिए सोच-समझकर किया गया प्रयास।
- **सिद्धांत:** पारस्परिकता, संगति, सामाजिक प्रमाण, अधिकार, पसंद, कमी और एकता।
- **अनुनय के तरीके:** एथोस (विश्वास और विश्वसनीयता संबंधी आग्रह); पैथोस (भावना संबंधी आग्रह); लोगोस (तर्क संबंधी आग्रह)।
- **उपयोग की जाने वाली तकनीकें:** आकर्षक तस्वीरें और वीडियो, दिलचस्प कहानियां, सामाजिक प्रमाण, तथा सकारात्मक सामाजिक मानदंडों को बढ़ावा देना।

2.4. भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence: EI)

- **अर्थ:** किसी व्यक्ति की स्वयं और दूसरों की भावनाओं को पहचानने, समझने और प्रबंधित करने की क्षमता है।
- **महत्व:** नेतृत्व में प्रभावशीलता, निर्णय लेना, संचार, विवादों का समाधान, सार्वजनिक सहभागिता और परिवर्तन-प्रबंधन।
- **विशेषताएं:** आत्म-जागरूकता, स्व-विनियम, विवादों का समाधान, सार्वजनिक सहभागिता और परिवर्तन-प्रबंधन।
- **सामाजिक बुद्धिमत्ता:** यह किसी व्यक्ति की पारस्परिक संबंधों को समझने और प्रबंधित करने की क्षमता को संदर्भित करती है।

फाउंडेशन कोर्स
सामान्य अध्ययन

प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा 2026



Scan the QR CODE to download VISION IAS app

इनोवेटिव क्लासरूम प्रोग्राम

- प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और निबंध के लिए महत्वपूर्ण सभी टॉपिक का विस्तृत कवरेज
- मौलिक अवधारणाओं की समझ के विकास एवं विश्लेषणात्मक क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान
- एनीमेशन, पॉवर प्वाइंट, वीडियो जैसी तकनीकी सुविधाओं का प्रयोग
- अंतर - विषयक समझ विकसित करने का प्रयास
- योजनाबद्ध तैयारी हेतु करेंट ओरिएंटेड अप्रोच
- नियमित क्लास टेस्ट एवं व्यक्तिगत मूल्यांकन
- प्री फाउंडेशन कक्षाएं
- सीसैट कक्षाएं
- PT 365 कक्षाएं
- MAINS 365 कक्षाएं
- PT टेस्ट सीरीज
- मुख्य परीक्षा टेस्ट सीरीज
- निबंध टेस्ट सीरीज
- सीसैट टेस्ट सीरीज
- निबंध लेखन - शैली की कक्षाएं
- करेंट अफेयर्स मैगजीन

नोट: ऑनलाइन छात्र हमारे पाठ्यक्रम की लाइव वीडियो कक्षाएं अपने घर पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। छात्र लाइव चैट विकल्प के माध्यम से कक्षा के दौरान अपने संदेह और विषय संबंधी प्रश्न पूछ सकते हैं। वे अपने संदेह और प्रश्न नोट भी कर सकते हैं और दिल्ली केंद्र में हमारे कक्षा सलाहकार को बता सकते हैं और हम फोन/मेल के माध्यम से प्रश्नों का उत्तर देंगे।

DELHI :15 जुलाई, 2 PM | **JAIPUR : 24 जून**

JODHPUR : 2 जुलाई

ऑप्शनल सब्जेक्ट
टेस्ट सीरीज़

- ✓ भूगोल
- ✓ समाजशास्त्र
- ✓ दर्शनशास्त्र
- ✓ हिंदी साहित्य
- ✓ राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध



2025	ENGLISH MEDIUM	हिन्दी माध्यम
	13 JULY	13 जुलाई

2026	ENGLISH MEDIUM	हिन्दी माध्यम
	13 JULY	13 जुलाई

3. भारतीय विचारक

भारतीय नैतिक विचारक और दार्शनिक: नैतिक विचार/ मूल्य और उद्धरण

व्यक्तित्व	नैतिक विचार/ विजन/ मूल्य	उद्धरण
कौटिल्य (चाणक्य) 	⇢ **कर्तव्य और न्याय-परायणता:** लीडर या नेतृत्वकर्ता को काम (वासना), क्रोध, लोभ, मोह, घमंड, और हर्ष (अति प्रसन्नता) को त्याग कर आत्म-संयम दिखाना चाहिए। ⇢ **खुशहाली:** नेतृत्वकर्ता की खुशहाली उसकी प्रजा के कल्याण में निहित है। ⇢ **व्यक्तिगत उत्कृष्टता:** मनुष्य जन्म से नहीं, कर्मों से महान होता है।	⇢ मोह के समान कोई शत्रु नहीं और क्रोध के समान कोई अग्नि नहीं। ⇢ संतुलित मन के समान कोई तपस्या नहीं है, संतोष के समान कोई सुख नहीं है, लोभ के समान कोई रोग नहीं है, तथा दया के समान कोई सद्गुण नहीं है।
तिरुवल्लुवर	⇢ **आचरण:** उचित आचरण ही सद्गुणों का मूल स्रोत है जबकि अनुचित आचरण सदैव दुःख का कारण बनता है। • वह आचरण सद्गुण है जो इन चार चीजों से मुक्त है: **द्वेष, काम, क्रोध** और **कटु वचन।** ⇢ **शुद्ध आत्मा:** बाह्य शरीर की शुद्धि जल से होती है, जबकि आंतरिक शुद्धि सत्यता से होती है।	⇢ किसी बुराई करने वाले को फटकारने के लिए, बदले में अच्छा काम करके उसे शर्मिंदा करें। ⇢ करुणा ही सबसे अधिक दयालु सद्गुण है और यह पूरे संसार को चलायमान रखती है।
गुरु नानक	⇢ **वंड छको:** ईश्वर ने आपको जो कुछ दिया है उसे दूसरों के साथ बांटना और जरूरतमंदों की मदद करना। • उन्होंने अनुयायियों को अपनी कमाई का कम-से-कम दसवां हिस्सा दूसरों के कल्याण हेतु दान करने के लिए प्रोत्साहित किया। ⇢ **बिना किसी डर के सत्य बोलो:** झूठ को दबाकर विजय पाना अस्थायी है, जबकि सत्य के साथ अडिग रहना स्थायी है।	⇢ सबसे बड़ी सुख-सुविधा और स्थायी शांति तब प्राप्त होती है जब व्यक्ति अपने भीतर से स्वार्थ को मिटा देता है। ⇢ यदि लोग ईश्वर द्वारा दी गई संपत्ति का उपयोग केवल अपने लिए या उसे संजोकर रखने के लिए करते हैं, तो वह शव के समान है। लेकिन यदि वे इसे दूसरों के साथ बांटने का निर्णय लेते हैं, तो वह पवित्र भोजन बन जाता है।
स्वामी विवेकानंद	⇢ **मानवतावाद:** जनता ही हमारी भगवान होनी चाहिए। मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। ⇢ **निःस्वार्थता:** उन्होंने प्रचार किया कि स्वार्थ अनैतिक है और जो स्वार्थहीन है वह नैतिक है। ⇢ **एकता:** इसका तात्पर्य है कि आप मेरा हिस्सा हैं और मैं आपका हिस्सा हूँ; मान्यता यह है कि आपको दुःख पहुँचाने में मैं स्वयं को दुःख पहुँचाता हूँ और आपकी सहायता करने में मैं स्वयं की सहायता करता हूँ।	⇢ आप जो भी सोचते हैं, आप वही होंगे। अगर आप खुद को कमज़ोर समझते हैं, तो आप कमज़ोर होंगे; अगर आप खुद को मज़बूत समझते हैं, तो आप मज़बूत होंगे। ⇢ जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए, यह समझ लें कि आप गलत रास्ते पर चल रहे हैं।

व्यक्तित्व	नैतिक विचार/ विजन/ मूल्य	उद्धरण
सावित्रीबाई फुले 	⊛ वे **दृढ़ता और निस्वार्थता** जैसे मूल्यों को कायम रखती थीं। • समाज के उच्च वर्ग के कई सदस्यों के विरोध के बावजूद, उन्होंने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया। • उन्होंने ब्यूबोनिक प्लेग के दौरान लोगों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। ⊛ अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ, उन्होंने **1848 में बालिकाओं के लिए भारत का पहला स्कूल** खोला था। ⊛ उन्हें **भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली में पहली महिला शिक्षक** के रूप में मान्यता प्राप्त है।	⊛ कलम, तलवार से **अधिक शक्तिशाली** है। ⊛ शिक्षा सामाजिक बुराइयों को मिटाने का सबसे बड़ा हथियार है। ⊛ एक महिला को सशक्त बनाओ, और आप पूरे समाज को ऊपर उठाते हैं।
जवाहर लाल नेहरू 	⊛ **कल्याणकारी राज्य:** एक कल्याणकारी राज्य आदर्श रूप से अपने नागरिकों को बेरोजगारी आदि से जुड़े बाजार जोखिमों से बचाकर बुनियादी आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। ⊛ **प्रशासन:** प्रशासन ऐसा होना चाहिए जो **जनोन्मुख** हो, आम आदमी के प्रति शिष्टाचार दिखाए, लोगों में सहभागिता की भावना पैदा करे तथा लोगों में सहयोग की प्रेरणा दे।	⊛ किसी महान उद्देश्य के लिए निष्ठापूर्वक और कुशलतापूर्वक किया गया कार्य, भले ही उसे तत्काल मान्यता न मिले, अंततः फल देता है। ⊛ बुराई अनियंत्रित रूप से बढ़ती है, सहन की गई बुराई पूरी व्यवस्था को विषाक्त कर देती है।
सरदार पटेल 	⊛ सरदार पटेल ने सिविल सेवा को भारत का 'स्टील फ्रेम' कहा था, जो प्रशासन में सिविल सेवा के महत्व पर जोर देता है। ⊛ **निर्णय लेने की प्रक्रिया में समावेशिता:** उदाहरण के लिए- रियासतों के एकीकरण में, उन्होंने भारत की इच्छा थोपने की बजाय संवाद और वार्ता को प्रोत्साहित किया था।	⊛ शक्ति के अभाव में विश्वास बेकार है। किसी भी महान कार्य को पूरा करने के लिए विश्वास और शक्ति दोनों ही आवश्यक हैं। ⊛ चरित्र निर्माण के दो तरीके- उत्पीड़न को चुनौती देने के लिए शक्ति विकसित करना, तथा परिणामस्वरूप होने वाली कठिनाइयों को सहन करना, जिससे साहस एवं जागरूकता पैदा होती है।

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

OUR ACHIEVEMENTS



LIVE/ONLINE Classes Available

www.visionias.in

Foundation Course

GENERAL STUDIES

PRELIMS cum MAINS 2026, 2027 & 2028

8 JULY, 11 AM | 15 JULY, 8 AM | 18 JULY, 5 PM | 22 JULY, 11 AM
25 JULY, 2 PM | 30 JULY, 8 AM

GTB Nagar Metro (Mukherjee Nagar): 10 JULY, 8 AM | 29 JULY, 6 PM

हिन्दी माध्यम 15 जुलाई, 2 PM

AHMEDABAD: 12 JULY | BENGALURU: 22 JULY | BHOPAL: 27 JUNE | CHANDIARH: 18 JUNE

HYDERABAD: 14 JULY | JAIPUR: 24 JUNE | JODHPUR: 2 JULY | LUCKNOW: 22 JULY | PUNE: 14 JULY

फाउंडेशन कोर्स सामान्य अध्ययन 2026

▸ प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और निबंध के लिए महत्वपूर्ण सभी टॉपिक का विस्तृत कवरेज

DELHI :15 जुलाई, 2 PM | JAIPUR : 24 जून | JODHPUR : 2 जुलाई

Scan the QR CODE to download VISION IAS App. Join official telegram group for daily MCQs & other updates.

/visionias.upsc /c/VisionIASdelhi
/c/VisionIASdelhi /t.me/s/VisionIAS_UPSC

DELHI: GMMR 33, Pusa Road, Near Karol Bagh Metro Station, Opposite Pillar No. 113, Delhi - 110005 CONTACT: 8468022022, 9019066066

AHMEDABAD | BENGALURU | BHOPAL | CHANDIGARH | GUWAHATI | HYDERABAD | JAIPUR | JODHPUR | LUCKNOW | PRAYAGRAJ | PUNE | RANCHI

Heartiest Congratulations
to all Successful Candidates

10 in **TOP 10** Selections in **CSE 2024**
from various programs of **Vision IAS**

Shakti Dubey

Harshita Goyal
GS Foundation Classroom Student

Dongre Archit Parag
GS Foundation Classroom Student

Shah Margi Chirag



Aakash Garg

Komal Punia

Aayushi Bansal

Raj Krishna Jha

Aditya Vikram Agarwal

Mayank Tripathi

हिंदी माध्यम में 30+ चयन CSE 2024 में

Ankita Kanti

Ravi Raaz



Mamata

Sukh Ram

Amit Kumar Yadav

HEAD OFFICE
33, Pusa Road,
Near Karol Bagh Metro Station,
Opposite Pillar No. 113,
Delhi - 110005
DELHI

MUKHERJEE NAGAR CENTER
Plot No. 857, Ground Floor,
Mukherjee Nagar, Opposite Punjab & Sindh Bank, Mukherjee Nagar

GTB NAGAR CENTER
Classroom & Enquiry Office,
above Gate No. 2, GTB Nagar Metro Building, Delhi - 110009

FOR DETAILED ENQUIRY
Please Call:
+91 8468022022,
+91 9019066066

enquiry@visionias.in /@visioniashindi /visionias.upsc /vision_ias_hindi/ /hindi_visionias

अहमदाबाद बेंगलूरु भोपाल चंडीगढ दिल्ली गुवाहाटी हैदराबाद जयपुर जोधपुर लखनऊ प्रयागराज पुणे रांची